रेड लाइनों बसों के लिए रूटों का निर्धारण

4315. डा. जितेन्द्र कुमार जैन :
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली राज्य में दैनिक यात्रियों की परिवहन संबंधी समस्या को हल करने के उद्देश्य से दिल्ली परिवहन निगम ने रेड लाइन सेवा के नाम बसों को चलाने के लिये निजी क्षेत्र की बसों को परमिट जारी किये थे :

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इन बसों के रूट इस संबंध में विशेष चर्चा किये जाने के बाद ही निर्धारित किये गये थे;

(ग) यदि नहीं, तो क्या यह सच है कि कतिपय रूट तो 3.5 कि.मी. लम्बे हैं जबकि कुछ रूट 21 कि.मी. तक लंबे हैं और जिसके कारण प्राइवेट बसों के मालिकों में भारी असंतोष है; और

(घ) यदि हां, तो क्या प्रशासन ने इस असंतोष को दूर करने के लिये कोई कदम उठाये हैं और इन रूटों के निर्धारण के लिये क्या मापदंड अपनाये

जलभूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) जी, नहीं । रेड लाइन बसों के लिये परमिट दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के राज्य परिवहन प्राधिकरण ने जारी किये हैं ।

(ख) उपर्युक्त (क) के उत्तर को देखते हुये प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) और (घ) निजी प्रचालकों से आवेदन पत्र आमंत्रित करते समय अधिसूचित किये गये अधिकांश मार्ग वही थे जिन पर दिल्ली परिवहन निगम द्वारा प्रचालन किया जाता था । इस प्रकार कुछेक मार्ग लंबे थे और कुछ छोटे । रा0प0 प्राधिकरण दिल्ली ने परमिट धारकों के अनुरोध पर कुछेक मार्गों के विस्तार/डाइवर्जन की अनुमति दी है । दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकार ने रेल इंडिया टैक्निकल एंड इकानामिक सर्विसेज (राइटस) से इस संबंध में विस्तृत सर्वेक्षण करने के लिये कहा है । उनकी रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है ।

Development of roads in Bihar

4316. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government are aware that the roads including the national highways are in a very depleted condition throughout the State of Bihar;

Ob) *ii* so, whether Government propose to provide special Central assistance to Bihar 'for the repairs of existing roads and for constructing new roads in the State with details of such proposals;

(c) how much Central assistance was provided to Bihar for the main-temance of roads during the financial years 1990-91, 1991-92 and 1992-93; and

(d) how far these funds were uti lised by the State Government in maintaining the roads in the State?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) to (d) Government of India are primiarily concerned with the development and maintenance of roads declared as National Highways only. Al] roads other thian National Highways in various States are essen-tialy the responsibility of State Governments concerned. National Highways passing through Bihar tare being kept generally in traffic-worthy condition within the availability of funde.